एक नजर में

टांडा में हुआ जनकल्याण शिविर का आयोजन,145 आवेदन आए

टांडा(धार)- शासन के निर्देशानुसार प्रदेश में कई जगह जनकल्याण शिविर लगाए जा रहे है। इसी तारतम्य में शुक्रवार को टांडा पंचायत परिसर में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें टांडा व आसपास की 18 पंचायत के लोगो की समस्याओं के निराकरण हेतु शिविर लगा। विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी समस्याओ के निदान के लिए तथा विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के लिए उपस्थित थे कार्यक्रम के आरंभ में सरपंच श्रीमती वर्षा लक्की ठाकुर , वरिष्ठ भाजपा नेता पारस जैन मंडल अध्यक्ष अमरसिंह सोलंकी जनपद सदस्य भुरू भाई जाली जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि नारायण भूरिया ,मंडल महामंत्री जड़ाव मंडलोई ,भाजयुवा मोर्चा के ऋषभ पाटनी गंधवानी , कांग्रेस नेता संदीप अग्रवाल, सुनील राठौड़ , पंच सागर पिपलाज आदि अतिथियों ने तथा बाग जनपद सी ई ओ विष्णु कुमार गुप्ता ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुभारंभ किया। मंचासिन अतिथियों का पुष्प माला से स्वागत किया गया। आरंभ में भाजपा नेता पारस जैन ने केंद्र तथा प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओ का लाभ प्रत्येक हितग्राही तक पहुंचे योजनाओं का पर्याप्त प्रचार प्रसार हो तथा कई किलोमीटर दूर ग्रामीण क्षेत्र से आया हुआ हितग्राही बार बार विभागीय चक्कर काट कर परेशान ना हो इस बात पर जोर दिया। मंडल अध्यक्ष अमरसिंह मंडलोई ने कहा की क्षेत्र की 18 ग्राम पंचायतों का शिविर यहां रखा गया जिससे कई पंचायतों के लोग यहां पहुंच नही पाए आस पास की पांच सात पंचायत का शिविर एक जगह लगाना चाहिए ताकि हितग्राही शिविर में उपस्थित हो सके दूर के ग्रामों से आया हुआ व्यक्ति दिन भर परेशान होता है तथा शिविर का पर्याप्त प्रचार प्रसार भी होना चाहिए आज के शिविर में प्रचार प्रसार का अभाव दिख रहा है आपने कहा की बारिश का मोसम प्रारंभ होने वाला है कृषि बीज खाद की उपलब्धता सुनिश्च की जाए ।जनपद सदस्य भुरु भाई जाली ने शासन की नल जल योजना पर कहा की गावों में पानी की टंकी तो बन गई किंतु लोगो के घरों में पानी नहीं आ रहा है शासन की यह महत्वपूर्ण योजना भ्रष्टाचार की भेट चढ़ गई वही हैंडपंप सुधरवाने के लिए ग्रामीणों को दो दो हजार रु तक अपने जेब से देना पड़ते है तब जाकर हैंडपंप सुधरता है इंका नेता सुनील राठौड़ ने भी नल जल व्यवस्था के लिए पी एच ई विभाग पर प्रश्न उठाए जन प्रतिनिधियों ने कृषि, राजस्व ,पी एच ई ,आदि विभागों की समस्याओं पर शीघ्र ध्यान देने की मांग की । कृषि विभाग ने वन पट्टाधारी के बारे में विस्तृत जानकारी दी। महिला बाल विकास विभाग ने चल रही योजना और उस पर लाभान्वित हो रहे उसकी जनकारी दी। पशु चिकित्सा विभाग से डा सुनील बडोले ने पशु पालन तथा पशु पालन क्रेडिट कार्ड की सब्सिडी आदि की जानकारी दी। जनप्रतिनिधियों के द्वारा बताई गई समस्या सुझाव पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों ने हल का आश्वासन दिया। बाग विकासखंड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विष्णुकुमार गुप्ता ने शिविर की जानकारी देते हुए बताया विभिन्न योजनाओं में विभाग के माध्यम से 145 आवेदन प्राप्त हुए है। ज्यादातर आवेदन पेंशन,परिवार विभाजन,संबल सम्बंधित आए है। वही राजस्व,पीएचई,कृषि विभाग सम्बंधित आवेदन भी आए है। जल समस्या व खाद-बीज को लेकर जनप्रतिनिधियों ने अवगत करवाया है। इनका शीघ्र निराकरण किया जाएगा। भीषण गर्मी को देखते हुए ग्राम पंचायत टांडा ने टेंट तथा शीतल जल की व्यवस्था की गई थी।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षक उमेश ठाकुर द्वारा किया गया ।

बदनावर में विकास की नई सौगात- 21 सड़कें,

50 सीसीटीवी कैमरे, 11 ओपन जिम सहित कई कार्यों को मंजूरी

बदनावर। नगर परिषद की प्रेसिडेंट इन काउंसिल (पीआईसी) की बैठक शुक्रवार को नगर परिषद अध्यक्ष मीना शेखर यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में नगर के विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों की विस्तृत कार्ययोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई। इनमें 21 सड़क निर्माण, 17 सार्वजनिक शौचालय, 11 ओपन जिम, 10 सार्वजनिक टीन शेड, 50 सीसीटीवी कैमरे तथा विभिन्न धार्मिक स्थलों पर सौंदर्यीकरण एवं सौर ऊर्जा लाइट स्थापना जैसे कार्य शामिल हैं। परिषद का मानना है कि इन कार्यों से नगर में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार होने के साथ सुरक्षा व्यवस्था भी सुदृढ़ होगी। बैठक में समयसीमा में कार्य पूर्ण नहीं करने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई का प्रस्ताव भी पारित किया गया। नगर की यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के लिए सब्जी विक्रेताओं की छुटपुट दुकानों को वार्ड क्रमांक 9 स्थित कचहरी चौक क्षेत्र में व्यवस्थित करने पर चर्चा की गई। वहीं वार्ड क्रमांक 12 में महिलाओं के लिए विशेष ओपन जिम स्थापित करने की स्वीकृति दी गई। नगर क्षेत्र के सभी धार्मिक स्थलों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने का निर्णय भी लिया गया। शासन के निर्देशानुसार ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अधिनियम-2016 लागू करने संबंधी प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान की गई। वार्ड क्रमांक 1 में विभिन्न गलियों एवं सार्वजनिक स्थलों पर पेवर्स ब्लॉक निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए। इनमें भूरी के मकान से मुख्य मार्ग, रवि के मकान से मुख्य मार्ग, भारत गैस एजेंसी वाली गली, बोहरा समाज गली, सिर्वी मोहल्ला, टेंट वाली गली, आंबेडकर भवन परिसर, लक्ष्मी गौशाला परिसर, शासकीय अस्पताल के पीछे की गलियां तथा गुर्जर मोहल्ला सहित कई क्षेत्र शामिल हैं। इसके अलावा राधाकृष्ण इस्कॉन मंदिर, गायत्री मंदिर, बैजनाथ महादेव मंदिर, शीतला माता मंदिर, परशुराम वाटिका, शंखेश्वरपूरम तीर्थ, सरदार पटेल बस स्टैंड परिसर, देवनारायण मंदिर तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर यूरिनल एवं शौचालय निर्माण की स्वीकृति दी गई। शिक्षक कॉलोनी और सोनी कॉलोनी में भूमिगत ड्रेनेज लाइन का निर्माण कराया जाएगा। इंद्रेश महादेव मंदिर, धर्मराज मंदिर परिसर, अणुनगर तथा बोहरा समाज उद्यानों में झूले, चकरी, शेड और ओपन जिम स्थापित किए जाएंगे। वहीं माथुर कॉलोनी में पुलिस चौकी से अक्षय शर्मा के घर तक पेवर्स ब्लॉक मार्ग तथा दरबार कॉलोनी में भूमिगत ड्रेनेज लाइन निर्माण को मंजूरी दी गई। इंद्रप्रस्थ कॉलोनी, देवनारायण मंदिर परिसर, धर्मराज मंदिर परिसर, इंदिरा गार्डन तथा प्राचीन नागेश्वर धाम के उद्यानों में बच्चों के मनोरंजन उपकरणों के साथ ओपन जिम स्थापित किए जाएंगे। वार्ड क्रमांक 2 स्थित नंदराम चौपड़ा स्कूल परिसर में बैडमिंटन कोर्ट एवं खेल हॉल निर्माण की कार्ययोजना पर भी मुहर लगाई गई। बैठक में बैजनाथ महादेव मंदिर, आनंदेश्वर महादेव मंदिर, शंखेश्वरपूरम तीर्थ, श्रीराम मंदिर, महाकाल मंडल, एकवीरा मंदिर, विश्वकर्मा मंदिर, अखंड परमधाम आश्रम, आदिवासी बस्ती स्थित माताजी मंदिर, लक्ष्मी गौशाला परिसर, बोहरा समाज उद्यान तथा बस स्टैंड स्थित रैन बसेरा परिसर में सार्वजनिक उपयोग के लिए टीन शेड निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त चाणक्यपुरी क्षेत्र में विधायक निधि से सीसी रोड निर्माण कराया जाएगा।

शासकीय सांदीपनि विद्यालय में प्रगति पथ कार्यक्रम के तहत हुआ भ्रमण और पौधारोपण

कुक्षी । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और जनकल्याण के 12 वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने के अवसर पर आज नगर के शासकीय सांदीपनि विद्यालय में प्रगति पथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।विधानसभा सभा के भाजपा पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने विद्यालय का भ्रमण कर वहां की शैक्षणिक व्यवस्था जानकारी के साथ 22 करो? की लागत से नवनिर्मित विद्यालय भवन का अवलोकन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए धार ग्रामीण भाजपा जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार और मंडल अध्यक्ष युवराज सेप्टा ने डबल इंजन की सरकार की उपलब्धियां का जिक्र करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार मिलकर विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे का तेजी से विस्तार हो रहा है। सांदीपनि विद्यालय का यह आधुनिक और सर्वसुविधायुक्त 22 करोड़ का नया भवन इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि सरकार क्षेत्र के बच्चों को उच्च स्तरीय शिक्षा देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है ।इस मौके पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत गरिमामय पौधारोपण भी किया गया। उपस्थित अतिथियों ने पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया ।इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री जयदीप पटेल, धार ग्रामीण भाजपा जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार, पूर्व विधायक मुकामसिंह किराड़े, मंडल अध्यक्ष युवराज सेप्टा,वरिष्ठ भाजपा नेता मोहन चौपा?या,युवा भाजपा नेता महेंद्र कन्नौज,ओपी पाटीदार,अरविन्द ठाकुर,हर्षित मुकाती,देवराम पाटीदार,पार्षद लक्ष्मण बघेल,भाजपा नेत्री पद्मिनी चौहान आदि भाजपाई मौजूद थे ।अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्राचार्य एचएन नरोलिया एवं घनश्याम पाटीदार ने किया।

इको कैंप ने जगाई पर्यावरण संरक्षण की अलख

- विद्यार्थियों ने सीखे प्रकृति संरक्षण के गुर
- बीज रोपण से लेकर वेस्ट टू बेस्ट तक विविध गतिविधियों में बच्चों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

धार। नगर में पर्यावरण संरक्षण गतिविधि द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पर्यावरण के प्रति नई पीढ़ी को जागरूक एवं जिम्मेदार बनाने के उद्देश्य से आयोजित ‡इको कैंप‡ उत्साह, सीख और रचनात्मकता का अनूठा संगम साबित हुआ। शिविर में नगर के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी अनेक गतिविधियों में सहभागिता निभाई और प्रकृति के प्रति अपने दायित्वों को समझा।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: 10 बजे प्रतिभागियों के आगमन एवं अल्पाहार के साथ हुआ। इसके बाद आयोजित पर्यावरण आधारित खेलों ने बच्चों में टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता विकसित की। सामूहिक सत्र में पर्यावरण संरक्षण, जल एवं वन संपदा, जैव विविधता और जलवायु परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

दोपहर में विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण पर आधारित प्रेरणादायक डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई, जिससे उन्होंने प्रकृति संरक्षण के महत्व को समझा। इसके पश्चात आयोजित पर्यावरण प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने ज्ञान का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

शिविर का सबसे आकर्षक आयोजन ‡वेस्ट टू बेस्ट‡ गतिविधि रही, जिसमें बच्चों ने अनुपयोगी एवं बेकार समझी जाने वाली वस्तुओं से सुंदर एवं उपयोगी सामग्री तैयार कर पुनर्चक्रण (रिसाइक्लिंग) का प्रेरणादायक संदेश दिया। साथ ही बीज रोपण, पौधारोपण एवं वृक्षों के संरक्षण के महत्व पर व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई तथा प्रत्येक विद्यार्थी को अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प दिलाया गया ।समापन सत्र में मुख्य अतिथि टीआर डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर श्री विजयनाथ आनंदम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज पर्यावरण संरक्षण केवल एक आवश्यकता नहीं, बल्कि मानव अस्तित्व का आधार बन चुका है। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि वर्ष 2018 में वन सेवा से जुड़ने के बाद बैतूल में लगभग साढ़े तीन वर्षों तक कार्य करते हुए उन्होंने वन संरक्षण एवं जैव विविधता संवर्धन के क्षेत्र में अनेक प्रयास किए।

> बच्चों ने अनुपयोगी एवं बेकार समझी जाने वाली वस्तुओं से सुंदर एवं उपयोगी सामग्री तैयार कर पुनर्चक्रण (रिसाइक्लिंग) का प्रेरणादायक संदेश दिया। साथ ही बीज रोपण, पौधारोपण एवं वृक्षों के संरक्षण के महत्व पर व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई तथा प्रत्येक विद्यार्थी को अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प दिलाया गया ।समापन सत्र में मुख्य अतिथि टीआर डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर श्री विजयनाथ आनंदम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज पर्यावरण संरक्षण केवल एक आवश्यकता नहीं, बल्कि मानव अस्तित्व का आधार बन चुका है। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि वर्ष 2018 में वन सेवा से जुड़ने के बाद बैतूल में लगभग साढ़े तीन वर्षों तक कार्य करते हुए उन्होंने वन संरक्षण एवं जैव विविधता संवर्धन के क्षेत्र में अनेक प्रयास किए।

भागवत कथा में वामन अवतार प्रसंग 'अहंकार का नाश और समर्पण ही मोक्ष का मार्ग' : अमन पंड्या

बाकानेर . श्री रामेश्वर महादेव मंदिर परिसर, चेतना कॉलोनी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दौरान आज तृतीय दिवस कथावाचक *ज्योतिषाचार्य पंडित अमन पंड्या* ने भगवान विष्णु के वामन अवतार की कथा सुनाकर श्रद्धालुओं को धर्म और समर्पण का गूढ़ संदेश दिया। पंडित पंड्या ने बताया कि वामन अवतार भगवान विष्णु का पांचवां और त्रेतायुग का पहला अवतार है। यह अवतार असुर राजा बलि के अहंकार को नष्ट करने, देवताओं को उनका खोया हुआ स्वर्ग वापस दिलाने और अपने भक्त की लाज रखने के लिए हुआ था। उन्होंने कहा कि दैत्यराज बलि, जो भक्त प्रह्लाद के पोते थे, ने अपने पराक्रम और यज्ञों के बल पर तीनों लोकों पर अधिकार जमा लिया था। इससे व्याकुल होकर देवराज इंद्र समेत देवता भटकने लगे। देवताओं की माता अदिति ने महर्षि कश्यप के निर्देश पर 'पयोव्रत' किया, जिससे प्रसन्न होकर भगवान विष्णु ने माता अदिति के गर्भ से वामन रूप में अवतार लिया। कथा में बताया गया कि ब्रह्मचारी वेष में वामन भगवान बलि की यज्ञशाला में पहुंचे और तीन पग भूमि दान में मांगी। गुरु शुक्राचार्य की चेतावनी के बावजूद वचन के पक्के बलि ने संकल्प ले लिया। संकल्प पूर्ण होते ही वामन ने विराट रूप धारण कर पहले पग में पृथ्वी और दूसरे पग में स्वर्ग नाप लिया। तीसरे पग के लिए स्थान न होने पर बलि ने अपना सिर आगे कर दिया। भगवान ने अपना चरण बलि के मस्तक पर रखकर उसे सुतल लोक का राजा बना दिया। कथा के तीसरे दिन भगवान के छोटे से भक्त ध्रुव , प्रहलाद एवं भगवान नारायण के कई अवतारों का वर्णन कहा जिसमें ऋषभदेव कपिल मुनि नर्सिंग अवतार तथा वामन अवतार का वर्णन भक्तों ने श्रवण किया पंडित अमन पंड्या ने कथा के अंत में कहा कि यह प्रसंग हमें सिखाता है कि धन, वैभव और अधिकार क्षणभंगुर हैं।

आगामी त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक

- ऐशांति पुर्वक त्योहार मनाने की अपील की

बाग - आगामी त्योहारों मोहर्रम एवं महाराणा प्रताप जयंती को देखते हुए बाग पुलिस थाने पर नायब तहसीलदार कैलाश जामोद,उनि प्रमिला जमरे, सउनि दशरदसिह चौहान, के मार्गदर्शन में शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें त्योहारों को लेकर दोनो समुदाय से त्योहारो की विशेष जानकारी ली गई। त्योहारो पर निकलने वाले जुलुस से लेकर उनके समापन तक के होने कार्यक्रमो में की विस्तार पुर्वक रुप रेखा बताई मुस्लिम समाज का मोहर्रम पर्व जो दस दिवसीय रहता है उसकी समस्त जानकारी मुस्लिम शहर सदर लखानी मेव एवं पुर्व मुस्लिम शहर सदर सलाम खान पठान द्वारा बताई गई वहीं अल्पसंख्यक प्रदेश सचिव जाफर खान मेव इकबाल भाई ठेकेदार बरकत अली शाह ने भी कार्यक्रम में निकलने वाले अखाड़े ओर व्यवस्था की जानकारी दी ग्राम पंचायत बाग के सरपंच धर्मेन्द्र बामनिया ने त्योहारों को लेकर माकूल व्यवस्था को लेकर नगर में त्योहारों पर समस्त व्यवस्थाएं पर ध्यान रखा जाएगा। इस दौरान नायब तहसीलदार कैलाश जामोद ने सभी से अपील करते हुए कहा की अपने त्योहार बड़े हर्षोल्लास से भाईचारे के साथ मनाएं त्योहार आते ही इसलिए है की उसदीन हम सब एक दुसरै के त्योहारो का हिस्सा बने ओर खुशियां बांटें उसके उपरांत कुछ समस्या आती हे तो पुलिस को सुचना करें ।साथ ही उन्होंने यह भी बताया की त्यौहारों पर विशेष कर सोशल मीडिया पर पर नजर रहती हे कोई भी ऐसी पोस्ट शेयर ना करें जिससे किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचे अगर एसी पोस्ट कहीं से आती भी हे तो उसे आगे शेयर ना करें और सोशल मीडिया के इन भड़काऊ पोस्टों से सावधान रहें । इस दौरान संदीप मंडलोई, ने भी अपने विचार रखे । दीपक भाई,गणेश पंवार आदि बडी संख्या में गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधियों उपस्थित थे।

आश्वासन के बाद संविदा स्वास्थ्यकर्मियों की हड़ताल खत्म, काम पर लौटे

बाग - शासन के आश्वासन के बाद समस्त संविदा कर्मचारीयों की अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त कर अपने कार्य पर रोक आए हैं अब इस अश्वासन में शासन के कितना दम है अगली समय अवधि के बाद ही पता चलेगा परन्तु फिलहाल सभी ने इस अश्वासन का सम्मान करते हुए अपने कार्य का निर्वहन करना प्रारंभ कर दिया है । संविदा कर्मचारी संघ मध्यप्रदेश के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों की लंबित मांगो के निराकरण हेतु दिनांक 2 जुन 2026 से जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल प्रदेश स्तर पर की जा रही थी ।

एक सप्ताह बाद प्रदेश संगठन एवं शासन स्तर पर 9/6/2026 को हुई विस्तृत चर्चा के दौरान संगठन की प्रमुख मागों पर शासन द्वारा सैध्दांतिक सहमति व्यक्त की गई है । तथा मांगों को शिघ्र निराकरण हेतु सकारात्मक आश्वासन प्रदान किया गया है । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाग के बीपीएम जितेन्द्र सिंह रावत ने बताया की शासन के उक्त अश्वासन ओर सकारात्मक पहल के सम्मान में संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ मध्यप्रदेश द्वारा जारी निर्देशानुसार हड़ताल को तत्काल प्रभाव से स्थगित किया गया और बाग ब्लाक मेडिकल आफिसर को बाग विकासखंड के सभी संविदा स्वास्थ्य कर्मचारीयों ने कार्य पर लोटने संबंधित पत्र सौंपा सभी अपने कार्यों को निर्वाहन में लग चुके हे शासन के आश्वासन का सम्मान करते हुए । स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारु रुप प्रारंभ कर दिया है।



बदनावर में विकास कार्यों को मिली मंजूरी

- सडकों से लेकर सीसीटीवी और ओपन जिम तक होंगे विकसित

बदनावर। नगर परिषद की प्रेसिडेंट इन काउंसिल (पीआईसी) की बैठक शुक्रवार को नगर परिषद अध्यक्ष मीना शेखर यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में नगर के विभिन्न वार्डों में विभिन्न विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई। इनमें 21 स?क निर्माण, 17 सार्वजनिक शौचालय, 11 ओपन जिम, 10 सार्वजनिक टीन शेड, 50 सीसीटीवी कैमरे तथा विभिन्न धार्मिक स्थलों पर सौंदर्यीकरण एवं सौर ऊर्जा लाइट स्थापना जैसे कार्य शामिल हैं। परिषद का मानना है कि इन कार्यों से नगर में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार होने के साथ सुरक्षा व्यवस्था भी सुदृ? होगी।

बैठक में समयसीमा में कार्य पूर्ण नहीं करने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई का प्रस्ताव भी पारित किया गया। नगर की यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने के लिए सब्जी की छुटकर दुकानों को वार्ड क्रमांक 9 में स्थित कचहरी चौक में व्यवस्था किए जाने पर चर्चा की गई, वहीं वार्ड क्रमांक 12 में महिलाओं के लिए विशेष ओपन जिम स्थापित करने की स्वीकृति दी गई।

> बैठक में बैजनाथ महादेव मंदिर, आनंदेश्वर महादेव मंदिर, शंखेश्वरपूरम तीर्थ, श्रीराम मंदिर, महाकाल मंडल, एकवीरा मंदिर, विश्वकर्मा मंदिर, अखंड परमधाम आश्रम, आदिवासी बस्ती स्थित माताजी मंदिर, लक्ष्मी गौशाला परिसर, बोहरा समाज उद्यान तथा बस स्टैंड स्थित रैन बसेरा परिसर में सार्वजनिक उपयोग के लिए टीन शेड निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अलावा चाणक्यपुरी क्षेत्र में विधायक निधि से सीसी रोड निर्माण कराया जाएगा ।मुख्यमंत्री नगरी क्षेत्र अधोसंरचना विकास योजना की शेष राशि से बलराम धाम में उद्यान विकास, सौंदर्यीकरण एवं विद्युतिकरण कार्यों की कार्ययोजना तैयार करने पर भी विचार-विमर्श किया गया।

पार्षद रितु सोनी की पहल रंग लाई, व्यापारियों को बड़ी राहत

- मुख्य नगरपालिका अधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन के बाद सकरात्मक निर्णय लिया
- दुकानदार 25 वर्षो से अपना व्यवसाय सफलतापूर्वक चला रहे है

सरदारपुर । राजगढ़ नगर परिषद के अंतर्गत आने वाले बाल विनय मंदिर कॉम्प्लेक्स और राजीव कॉम्प्लेक्स के सैकड़ों व्यापारियों के लिए एक बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। प्रशासन द्वारा दुकानों को रिक्त करने के लिए जारी किया गया अंतिम नो टिस फिलहाल रोक दिया गया है। पार्षद रीतु निलेश सोनी की पहल और उनके द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी (ष्टरूह) को सौंपे गए ज्ञापन के बाद यह सकारात्मक निर्णय लिया गया है पिछले कुछ समय से इन दोनों कॉम्प्लेक्सों के दुकानदारों पर अपनी दुकानें खाली करने का दबाव था, जिससे सैकड़ों परिवारों की आजीविका पर संकट के बादल मंडरा रहे थे। ये दुकानदार पिछले 20-25 वर्षों से अपना व्यवसाय यहाँ सफलतापूर्वक चला रहे हैं। अचानक आए इस नोटिस के कारण व्यापारियों में भारी चिंता का माहौल था और वे बेरोजगारी की आशंका से भयभीत थे ।पार्षद के हस्तक्षेप से टली कार्रवाई मामले की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय पार्षद रीतु निलेश सोनी ने नगर परिषद प्रशासन के समक्ष व्यापारियों का पक्ष मजबूती से रखा।

> **पार्षद ने अपने पत्र में स्पष्ट किया कि :**
>
> - दुकानदार नियमित रूप से किराया जमा कर रहे हैं।
> - अधिकांश दुकानदार दशकों से यहाँ कार्यरत हैं, जिन्हें अचानक हटाना अनुचित है।
> - व्यापारी स्वयं कॉम्प्लेक्स की मरम्मत में आर्थिक सहयोग लिए तैयार हैं।
> - इन तर्कों पर विचार करते हुए प्रशासन ने फिलहाल निष्कासन की कार्यवाही को रोकने का निर्णय लिया है।
>
> आगामी परिषद बैठक 16 जून को है जिसमे पार्षद रीतु निलेश सोनी कॉम्प्लेक्स के जीर्णोद्धार (रिपेयरिंग) का प्रस्ताव रखेंगी। उद्देश्य यह है कि दुकानों को खाली कराने के स्थ

छह दिवसीय एक्युप्रेशर थैरेपी शिविर

मनावर । विशाल एक्युप्रेशर थैरेपी छ- दिवसीय शिविर वाइब्रेशन एवं सुजोक थैरेपी के द्वारा दिनांक 12 से 18 जून 2026 तक श्री महावीर हीरा रतन भवन मनावर पर आयोजितगया हैं । श्री श्वेताम्बर जैन श्रीसंघ मनावर एवं श्री राजेन्द्रसूरी जैन दादावाडी ट्रस्ट के तत्वाधान में श्री पंच परमेष्ठी नवकार मंत्र का स्मरण कर दीप प्रज्ज्वलित करने के साथ ही शिवीर का विधीवत शुभारंभ हुआ । आम जनता के लिए थैरेपिस्ट द्वारा बिना औषधीय उपचार के शरीर के कुछ मुख्य बिन्दुओं पर प्रेशर के द्वारा पैरालिसिस, घुटनों का दर्द, फ्रोजन शोल्डर ऐसे अनेक रोगो का उपचार एक्युप्रेशर , वाइब्रेशन एवं मैग्नैटिक सुजोक थैरेपी द्वारा किया जायेगा । शिविर में सुबह 8 से 12 एवं शाम को 4 से 7.30 बजे तक मरीजो की थैरेपी की जावेगी । समाज के वरिष्ठ समीरमल काकरेचा , मनोहर ओरा , प्रेमचंद नवलखा , आकेश नवलखा, राहुल काकरेचा, अंकित ओरा , संदीप जैन आदि उपस्थित थे । थैरेपिष्ट चौधरी बंधुओ द्वारा नगर के नागरिको से अपनी शारीरिक परेशानियों के निवारण लिए पंजीयन करवाकर, थैरेपी करवाने का आह्वान किया गया ।

प्रोग्रेसिव पेंशनर संघ के आव्हान पर सभा का आयोजन

बदनावर । प्रोग्रेसिव पेंशनर संघ भोपाल के आव्हान पर तहसील शाखा बदनावर द्वारा मध्य प्रदेश के 5 लाख पेंशनरों की लंबित 6 मांगों के संबंध में दिनांक 10-06-2026 को तहसील कार्यालय परिसर में स्थित श्री संजीवनी हनुमान मंदिर पर सभा का आयोजन किया गया ! बैठक में अध्यक्ष महेंद्र सिंह चंद्रावत, जिला उपाध्यक्ष हुकुमसिंह सोलंकी तथा वरिष्ठ सदस्य वीरेंद्र कुमार रावल ने अपने विचार व्यक्त किया,

सभा समाप्ति के पश्चात रैली निकालकर महा महीम राज्यपाल माननीय मुख्यमंत्री एवं प्रमुख सचिव मध्य प्रदेश शासन भोपाल के नाम संबोधित ज्ञापन संघ के अध्यक्ष महेंद्र सिंह चंद्रावत एवं अन्य पदाधिकारी तथा सदस्यो द्वारा एस.डी. एम. बदनावर को प्रस्तुत किया गया,ज्ञापन का वाचन कोषाध्यक्ष अशोक कुमार सारण ने किया- जिला उपाध्यक्ष हुकुम सिंह सोलंकी ने बताया कि आज प्रस्तुत ज्ञापन में निम्न अनुसार माँगे रखी गयी है, मध्य प्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49(6) को अविलंब समाप्त किए जाने तथा राज्य सरकार की घोषणा के अनुसार कैशलेस बीमा की योजना लागू की जा रही है उसमें कर्मचारियों से एक प्रतिशत तथा पेंशनर्स से 4व्व लेने का प्रावधान किया जो अन्यायपूर्ण है, पेंशनर्स से यातो लेना ही नहीं चाहिए और यदि लेना है ।

एक नजर में

180 विदेशी डेलीगेट्स ने की सराहना

मांडू के जहाज महल में ब्रिक्स प्रतिनिधिमंडल का दौरा

सोनू यादव

मांडू . ऐतिहासिक पर्यटन नगरी मांडू स्थित जहाज महल सोमवार को ब्रिक्स प्रतिनिधि मंडल के दौरे के दौरान अंतरराष्ट्रीय आकर्षण का केंद्र बन गया। करीब 180 विदेशी डेलीगेट्स ने यहां की वास्तुकला, संस्कृति और आतिथ्य परंपरा की जमकर सराहना की।

जहाज महल परिसर में प्रवेश करते ही प्रतिनिधिमंडल का स्वागत पारंपरिक भारतीय रीति-रिवाजों के अनुसार किया गया। आजीविका समूह की महिलाओं ने अक्षत-तिलक और आरती से अतिथियों का अभिनंदन किया, जबकि स्थानीय लोक कलाकारों ने ढोल-मादल की थाप पर आदिवासी भगोरिया नृत्य प्रस्तुत कर माहौल को जीवंत कर दिया।

जिला प्रशासन धार द्वारा किए गए उच्च स्तरीय सुरक्षा और वीआईपी प्रोटोकॉल के बीच यह पूरा आयोजन गरिमामय और व्यवस्थित रहा। कलेक्टर राजीव रंजन मीना और पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा ने अतिथियों का स्वागत खुरासानी इमली और बुके देकर किया। भ्रमण के दौरान डेलीगेट्स ने मांडू की ऐतिहासिक संरचनाओं, जल प्रबंधन प्रणाली और स्थापत्य कला की जानकारी ली और कई ने स्थान की शांति और सुंदरता की प्रशंसा करते हुए ‡वेरी नाइस एंड ब्यूटीफुल प्लेस‡ कहा। इस अवसर पर बाग प्रिंट की प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रही, जहां हस्तनिर्मित वस्त्रों और डिजाइनों ने अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों का ध्यान खींचा।

शाम के समय आयोजित लाइट एंड साउंड शो ने जहाज महल के इतिहास को जीवंत कर दिया, जिसे देखकर डेलीगेट्स ने तालियों से स्वागत किया। कार्यक्रम का समापन पारंपरिक मालवा व्यंजनों के साथ 'गाला डिनर' में हुआ, जिसमें सांस्कृतिक सौहार्द और कूटनीतिक संवाद का वातावरण रहा।

पूरे आयोजन को जिला प्रशासन ने ‡जीरो एरर‡ प्रबंधन के साथ सफलतापूर्वक संपन्न किया, जिसे एक अंतरराष्ट्रीय स्तर की पर्यटन प्रस्तुति के रूप में देखा जा रहा है।